# अस्थि विसर्जन के दौरान किशोर नर्मदा में डूबा

**परिवार के साथ छिंदवाड्ा जिले से आया था**

**नर्मदापुरम, 10 मई. नर्मदा के प्रसिद्ध सेठानी घाट के पास पर्यटन घाट पर रविवार सुबह बड़ी लापरवाही के चलते दर्दनाक हादसा हो गया. अस्थि विसर्जन के लिए आए 16 वर्षीय किशोर की नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई.**

छिंदवाड़ा जिले के उमरेठ निवासी सत्येंद्र यादव (16) अपने परिवार के साथ दादा की अस्थियां विसर्जित करने घाट पर आया था.धार्मिक क्रिया के बाद वह नर्मदा नदी में स्नान करने उतरा, लेकिन घाट पर गहराई और खतरनाक जलधारा का अंदाज़ा न लग पाने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया. घाट पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने और चेतावनी व्यवस्था की कमी ने इस हादसे को और गंभीर बना दिया.



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अगर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड और निगरानी व्यवस्था होती तो यह दुर्घटना टाली जा सकती थी. घटना के बाद हड़कंप मच गया. होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन नर्मदा नदी की गहराई और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू में भारी मुश्किलें आईं.करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 1:30 बजे किशोर का शव बरामद किया गया.

**परिजनों में कोहराम, घाट पर पसरा मातम**

हादसे के बाद घाट पर परिजनों की चीख-पुकार गूंज उठी .मां का रो-रोकर बुरा हाल था और पूरा परिवार सदमें में डूब गया .घाट पर मौजूद लोगों में भी गहरा आक्रोश और दुख देखने को मिला. घटना की जानकारी लगते नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव घटना स्थल पहुंची और घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए. वहीं कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. विदित हो वर्तमान समय में रेलवे लाइन पर ब्रिज के काम के चलते नर्मदा के घाटों पर पानी ज्यादा हैं.

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**इटारसी, 10 मई.** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई.घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है.जानकारी के अनुसार युवक कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था.प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया था. वहां अस्पताल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया.घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया.पुलिस जांच कर रही है.

## युवक ने फांसी लगाई मौत

**पिपरिया, 10 मई.** मंगलवारा थाना अंतर्गत हथवांस के एक युवक ने फांसी लगा ली.ग्राम हथवांस के प्रकाश पिता हरिशंकर कुशवाहा उम्र 25 वर्ष ने अपने ही घर में कमरे में फांसी लगाई, जिससे मौत हो गई. परिजन व मोहल्ले के लोग उसे शासकीय चिकित्सालय लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. फांसी लगाने का कारण अज्ञात है.परिजनों ने बताया कि प्रकाश की 14 मार्च को शादी हुई थी .पुलिस द्वारा मौका पंचनामा कार्रवाई की गई. शासकीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया.

## 96 अभ्यर्थियों की हुई फिजिकल स्क्रीनिंग

**नर्मदापुरम.** प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड तथा निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नर्मदापुरम द्वारा शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 संचालित की जा रही है.योजना के अंतर्गत पुलिस विभाग एवं खेल विभाग के सहयोग से पुलिस लाईन नर्मदापुरम में रविवार को सुबह 08 बजे से फिजिकल स्क्रीनिंग आयोजित की गई. इस दौरान कुल 96 अभ्यर्थियों का शारीरिक मापदण्ड एवं फिजिकल स्क्रीनिंग परीक्षण किया गया. सहायक संचालक पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 मई निर्धारित की गई है. इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं.

# भीम आर्मी कलेक्ट्रेट का 21 को घेराव करेगी



**विधायक के बयान की निंदा**

**हरदा, 10 मई. कांग्रेस विधायक आरके दोगने द्वारा दलित नेता राहुल पवारे को दलाल कहने के बाद विवाद खड़ा हो गया है. इस बयान की निंदा करते हुए भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के बैनर तले 21 मई को कलेक्ट्रेट घेराव, महाआंदोलन करने का निर्णय लिया है.**

भीम आर्मी कार्यालय में रविवार को हुई बैठक में विधायक के बयान को न केवल राहुल पवारे का, बल्कि पूरे दलित समाज का अपमान बताया गया. बैठक में सर्वसम्मति से इस अपमान को माफ न करने का संकल्प लिया गया. इस बैठक में भीम आर्मी संभाग अध्यक्ष महेंद्र काशिव, भारत आदिवासी पार्टी जिला अध्यक्ष जयकुमार ऊईके, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुनील खंडेल, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष रघुवीर अहिरवार, नाजी जिला अध्यक्ष मंगलेश आजाद, भीम आर्मी संभागीय उपाध्यक्ष राम ओसले, सुनील चौरे, पवन निमोरे, बादल शिटोले मौजूद थे.

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग आज हरदा आयेंगे



**हरदा, 10 मई.** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 11 मई सोमवार को हरदा आयेंगे. जारी कार्यक्रम अनुसार मंत्री सारंग शाम 5:30 बजे हरदा आयेंगे तथा कलेक्टर सभागृह में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में सम्मिलित होंगे. मंत्री सारंग शाम 6 बजे भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला कोर कमेटी की बैठक में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि 8 बजे हरदा से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे.

### बंगानिया गांव में महिला के साथ मारपीट

**इटारसी, 10 मई.** थाना रामपुर क्षेत्र के ग्राम बंगानिया में एक महिला के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .जानकारी के अनुसार गांव में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसी दौरान आरोपियों ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की .आरोप है कि आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत हो गई .घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई .पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला कायम कर लिया है .पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी .साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है .इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है.

### अधिकारियों का प्रशिक्षण 11 व 12 मई को होगा

**हरदा, 10 मई.** सूचना का अधिनियम के तहत जिले के एल-1 व एल-2 अधिकारियों का प्रशिक्षण 11 व 12 मई को होगा. संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला पंचायत के ई-दक्ष केन्द्र में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक बैचवार आयोजित किया जाएगा. उन्होने निर्देशित किया कि विभाग प्रमुख बैचवार संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें.

### मोहगांव में लोग पानी के लिए हो रहे परेशान

**पिपरिया, 10 मई.** जंगल क्षेत्र मटकुली के पास ग्राम पंचायत मटकुली के विस्थापित ग्राम मोहगांव में कुछ क्षेत्र के निवासी पेयजल के लिये परेशान हो रहे हैं .मोहगांव ग्राम में पीएचई द्वारा पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से रखने हेतु दो-दो स्थानों से पाइप लाइन डलवाई है, जिससे प्रत्येक घर में पानी पहुंच सके. लेकिन तालाब के पास ही निवास करने वाले 2 मोहल्ले के अंतिम छोर पर नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है. इन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणजन ऊपर से पानी लाने के लिए मजबूर है. कई बुजुर्गो ने बताया कि बार-बार ऊपर से कुप्पों से पानी लाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में पीएचई के एसडीओ रवि केलवा ने बताया कि योजना पंचायत के हेंडओवर की जा चुकी है फिर भी जानकारी ली जाएगी कि पानी क्यों नही पहुंच रहा है .इस संबंध में पंचायत सचिव जितेन्द्रसिंह ने बताया कि पानी पूरे क्षेत्र में जा रहा है. जहासं दिक्कत हो रही है वहां सुधार किया जावेगा.

### फूलवती बाई वर्मा का निधन



**माखन नगर.** कांग्रेस नेता, बर्तन व्यवसायी गिरीश वर्मा की माताजी फूलवती बाई वर्मा का रविवार को निधन हो गया . उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया. अंत्येष्टि में शामिल लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी.

## प्रशास ने नहर भूमि से अतिक्रमण हटाया

**नर्मदापुरम, 10 मई.** जिला प्रशासन द्वारा सिंचाई विभाग के अंतर्गत आने वाली नहरों पर हुए अवैध अतिक्रमण को सख्ती से हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है. साथ ही किसानों को कृषि कार्य में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं.इसी क्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार को तहसीलदार नर्मदापुरम नगर सरिता मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी नहर विभाग प्रमोद जाटव, राजस्व विभाग एवं नहर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तहसील नर्मदापुरम नगर अंतर्गत फेफरताल क्षेत्र में कार्रवाई की गई. संयुक्त टीम ने कॉलोनाइजर अग्रवाल इंपीरिया एवं रामानंद मैरिज गार्डन संचालक द्वारा नहर विभाग की भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया. कार्रवाई के दौरान किसानों के कृषि कार्य हेतु आवागमन एवं ट्रैक्टर निकालने के लिए बंद पड़े रास्ते को भी खुलवाया गया। कार्यवाही के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नहर भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा तथा किसानों की

# लोक अदालत में 493 लंबित प्रकरणों का निराकरण

**986 पक्षकारगणों को मिला सीधा लाभ**

**हरदा, 10 मई. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय हरदा, व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी, में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. लोक अदालत में जिले में कुल 15 खंडपीठ बनाई थी जिसमें से 14 खंडपीठ न्यायालयों की, 01 खंडपीठ उपभोक्ता फोरम की बनाई गई थी.**

गठित खंडपीठों द्वारा सुलह समझौते के आधार पर कुल 493 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 4 करोड़ 33 लाख 67 हजार 483 रुपए के अवार्ड पारित किए गए तथा कुल 986 लोगों को सीधा लाभांवित किया गया. इसी तरह प्री-लिटिगेशन स्तर पर कुल 631 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 43



लाख 76 हजार 590 रुपए की वसूली की गई तथा 1262 लोगों को सीधा लाभांवित किया गया. पक्षकारगणों को उनके राजीनामें करने पर स्मृति स्वरूप फलदार वृक्ष भेंट किए गए.

**20 लाख 80 हजार से अधिक का टैक्स किया जमा**

**नर्मदापुरम, 10 मई.** नगरपालिका परिषद में लगी नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने करीब 20 लाख 80 हजार रुपए का टैक्स जमा किया. लोगों ने लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाया. राजस्व शाखा के हरीश गोस्वामी ने बताया कि लोक अदालत का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया. इस दौरान उन्होंने नागरिकों को बैठने, पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. साथ ही कर जमा करने आने वाले लोगों से चर्चा भी की. गोस्वामी ने बताया कि संपत्तिकर 16 लाख 73 हजार 602 रुपए, जलकर 1 लाख 67 हजार 878, दुकान किराया 2 लाख 26 हजार 271 रुपए, विविध कर 12 हजार 500 रुपए कर के रूप में प्राप्त किए गए.

**पक्षकारों को एक करोड़ रुपए से अधिक राशि दिलाई**

**सिवनी मालवा 10 मई.** सिवनी मालवा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया. लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष तबस्सुम खान, सिविल जज सीनियर डिवीजन अंजली अग्रवाल, सिविल जज जूनियर डिवीजन सुश्री सरोज डेहरिया, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ. लोक अदालत में आपसी सहमति से 69 लंबित प्रकरणों का समाधान किया गया, जिनमें दांडिक, सिविल, चेक बाउंस, क्लेम सहित अन्य मामले शामिल रहे .इन प्रकरणों में पक्षकारों को कुल 1 करोड़ 1 लाख 78 हजार 331 रुपये की राशि दिलाई गई .नगरपालिका के 76 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कर 2 लाख 53 हजार 457 रुपये की वसूली की गई. तहसीलदार कार्यालय के



71 तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के 17 प्रकरणों का निराकरण हुआ. आपसी विवाद और वैमनस्य को भुलाकर कई पक्षकारों ने राजीनामा किया .न्यायालय द्वारा सभी समझौता करने वाले पक्षकारों को उपहार स्वरूप पौधे वितरित किए गए. लोक अदालत में वैवाहिक विवादों से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में पति-पत्नी तलाक लेने न्यायालय पहुंचे थे. न्यायालय एवं सुलहकर्ताओं की समझाइश के बाद तीनों जोड़े पुन: साथ रहने सहमत हो गए.

## पिररिया में 158 प्रकरणों का निराकरण

**पिपरिया, 10 मई.** नेशनल लोक अदालत में 6 खंडपीठों में 158 प्रकरणों को निराकरण हुआ. लोकअदालत का शुभारंभ प्रथम जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजेश कुमार अग्रवाल ने किया .लोक अदालत में बिजली विभाग के 12 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 57 हजार 381 रुपए की राशि प्राप्त हुई. मोटर दुर्घटना के 5 प्रकरणों का राजीनामे से निराकरण हुआ. इसमें कुल अवार्ड राशि 22 लाख 400 रुपए रही. लोक अदालत में वर्षो से अलग रह रहे 5 पति -पत्नी को समझाइश देकर फिर से साथ रहने को राजी किया गया .नगरपालिका के 39 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 5 लाख 13 हजार 810 रूपये की वसूली हुई. लोक अदालत में,द्वितीय जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी आदि उपस्थित थे.

# स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने कराया परीक्षण

**इटारसी,10 मई. शहर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई.शिविर का आयोजन सामाजिक सहयोग और जनसेवा के उद्देश्य से किया गया था.यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई.**

मरीजों को खानपान और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई.कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे भी पहुंचे और शिविर का निरीक्षण किया.उन्होंने आयोजन की



सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो नियमित जांच नहीं करा पाते. आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें.शिविर में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन की सराहना की.

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**पिपरिया, 10 मई.** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवारा चौराहा पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया.कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नरसिंहपुर जिले के सालीचौका स्थित एक वेयरहाउस में गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों और सांसद के बीच हुई तीखी बहस के विरोध में प्रदर्शन किया.प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतले की आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ताओं ने पुतले को घेरकर विरोध जारी रखा.इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता लगातार किसानों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं.प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की.

# न्यास कॉलोनी में मैरिज गार्डन के सामने से बाइक चोरी

**इटारसी, 10 मई.** शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार युवक अपनी बाइक मैरिज गार्डन के सामने खड़ी कर किसी कार्यक्रम में शामिल होने गया था.

कुछ देर बाद वापस लौटने पर वहां से बाइक गायब मिली.आसपास तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की.आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके.पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाइक चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ लिया जाएगा.शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता का माहौल है.स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से सार्वजनिक स्थानों और मैरिज गार्डन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है.


Presiding Officer: मनीष कुमार पारीक
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000004/2026)
धन बाई कहार .........आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक ........ अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 25/06/2026
प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धन बाई कहार पता ने मृतक राजीव कहार निवासी नदी मोहल्ला महाराणा प्रताप वार्ड नंबर 16 पिपरिया की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा पिपरिया में पालसी संख्या 367881441 में 2,00,000/- राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 June 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 June 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08 May 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी-आवेदन की प्रति पेश
कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(मनीष कुमार पारीक)**
न्यायाधीश द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पिपरिया जिला- नर्मदापुरम


**समर कैंप** | **पंडित रामलाल शर्मा स्कूल में 10 जून तक चलेगा शिविर**

# सीख और मनोरंजन का दिखा संगम

**नर्मदापुरम, 10 मई. पंडित रामलाल शर्मा सीबीएसई स्कूल में रविवार से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन उत्साह समर कैंप ने पहले ही दिन माहौल को पूरी तरह जीवंत बना दिया. 10 जून तक चलने वाला यह कैंप बच्चों के लिए सीख और मनोरंजन का शानदार संगम बनकर सामने आया है.**

पहले ही दिन स्कूल परिसर में बच्चों की ऊर्जा ने सभी का ध्यान खींच लिया.कहीं स्विमिंग पूल में पानी की छींटों की मस्ती दिखी, तो कहीं बैडमिंटन कोर्ट पर तज स्मैश और शानदार खेल कौशल ने सबको रोमांचित कर दिया. योग सत्र ने पूरे वातावरण में शांति और संतुलन का सुंदर अनुभव



दिया. स्कूल के संचालक अरुण शर्मा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. वहीं प्राचार्य अरुण अग्रवाल ने भी बच्चों को नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया. इस कैंप में बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है बैडमिंटन कोच प्रवीण मीना और स्विमिंग कोच पवन मांझी एवं सतीश मेहरा का कहना हैं कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और नई प्रतिभाओं को निखारना है.पहले ही दिन से कैंप ने साबित कर दिया कि आने वाले दिन और भी ज्यादा रोमांचक और यादगार होंगे.

# कुसुम महाविद्यालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, हेल्प डेस्क बनाई



**सिवनी मालवा 10 मई. शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की ई-प्रवेश प्रक्रिया और काउंसिलिंग का शुभारंभ हो गया है.**

प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में हेल्प डेस्क (सहायता केंद्र) की स्थापना की गई है, जहां विद्यार्थियों को आवेदन संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

प्रवेश प्रभारी डॉ. ए. के. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 15 मई तक चलेगी. कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. नवनीत सोनारे ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत विषय चयन में मिलने वाले नए अवसरों और लचीलेपन की जानकारी दी.वहीं कैरियर काउंसलर प्रेम नारायण परते ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया.

# नर्मदा घाटों की सफाई, पक्षियों के लिए सकोरे बांटे

**नर्मदापुरम, 10 मई. अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता और पक्षी संरक्षण अभियान चलाया गया. रविवार को समाज के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रमदान कर नर्मदा घाट की सफाई की तथा गर्मी में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित किए.**

यह अभियान कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नीर पखेरू अभियान से प्रेरित होकर आयोजित किया गया. समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 3-4 वर्षों से हर रविवार को नर्मदा घाटों की सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है. अभियान के दौरान घाटों से जलकुंभी, पॉलीथीन और अन्य कचरा हटाया गया. समाजसेवी रश्मि श्रीवास्तव ने कहा कि पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानवता का कार्य है.वहीं अभय वर्मा ने लोगों से घरों में सकोरे रखकर नियमित पानी भरने की अपील की. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा, सीबी खरे, विजय वर्मा, मनोज वर्मा, लालता प्रसाद, मंजू श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, प्रीति खरे, जानकी, ममता तिवारी, अदिति वर्मा और प्रिया श्रीवास्तव सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.